


प्रकाशक/स्वामीत्व
रजनी (पुत्री-महेश धावनिया)

डाक पंजियन संख्या : JaipurCity/423/2017-19

# श्री बाबा



प्रधान कार्यालय-सी-57, महेश नगर, जयपुर-15, मो.-9928260244 हिन्दी मासिक समाचार पत्र 7073909291 E-mail:shreebaba_2008@yahoo.com

वर्ष : 10 | अंक : 9 | आर.एन.आई. नं. : RAJHIN/2008/24962 | जयपुर, 5 नवम्बर, 2017 | मूल्य : 5 रुपए प्रति | पृष्ठ : 4


## आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण सरकार की पहली प्राथमिकता:वर्मा



**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बाबूलाल वर्मा ने कहा कि सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना में वंचित पात्र व्यक्ति का नाम जोडने की प्रक्रिया में सरलीकरण किया है। उन्होंने यह बात गुरूवार को अलवर जिले के किशनगढबास स्थित विद्युत विभाग के विश्राम गृह परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान हुई।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण सरकार की पहली प्राथमिकता है अतः इसमे किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरते। उन्होंने कहा कि रसद विभाग आमजन से जुड़ा हुआ विभाग है। अतः इसमें अधिकाधिक पारदर्शिता के साथ समयबद्ध रूप में राशन सामग्री उपभोक्ताओं को प्राप्त हो इसके लिए व्यापक सुधारात्मक कार्य किये है। उन्होंने पॉस मशीन को उपभोक्ता के हक की रक्षक मशीन बताया। उन्होंने अन्नपूर्णा भण्डार को ग्रामीण क्षेत्रो के मॉल बताते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता की वस्तुएं एमआरपी से भी कम दामों पर उपलब्ध कराई जा रही है।

## प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के बारां जिला अध्यक्ष पद पर केसरीलाल एवं अलवर जिला अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार बैरवा नियुक्त





**जयपुर।** प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेश धावनिया ने संविधान के प्रावधानों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री केसरीलाल बैरवा को बारां के जिला अध्यक्ष पद पर एवं श्री अशोक कुमार बैरवा को अलवर के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया।

## प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के टोंक क्षेत्र के प्रभारी कविराज एवं अनिल बैरवा को सूचना एवं प्रसारण की जिम्मेदारी दी





**जयपुर।** प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेश धावनिया ने संस्था की कार्यकारिणी के निर्देशानुसार श्री रामलाल बैरवा, कविराज को टोंक क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया। साथ ही श्री अनिल बैरवा को सूचना एवं प्रसारण कार्यभार की जिम्मेदारी दी गई।

## अम्बेडकर सोसायटी के सम्मेलन कक्ष का शिलान्यास

**जयपुर।** डॉ.अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी द्वारा झालाना भवन में बनाए जा रहे नए सम्मेलन कक्ष का शिलान्यास मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद रामकुमार वर्मा भी मौजूद थे। इस दौरान कैलाश मेघवाल ने सोसायटी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना भी की। कार्यक्रम के दौरान सोसायटी के अध्यक्ष भजनलाल महासचिव अनिल गोठवाल ने संस्था की गतिविधियों, नवाचार विकास कार्यों की जानकारी और कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत सोसायटी के परिसर में एक कांफ्रेंस हाल का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान हिन्दी दलित लेखक एवं साहित्यकार रतन कुमार सांभरिया की पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के सोसायटी के पदाधिकारी अन्य लोग शामिल थे।


### समाचार विज्ञापन संकलन

**श्री बाबा समाचार पत्र की प्रकाशन तिथि प्रत्येक माह की 5 तारीख है। अतः समाचार एवं विज्ञापन आदि के प्रकाशन के लिए विज्ञप्ति, फोटो आदि सामग्री माह की 20 तारीख तक पूर्ण विवरण के साथ भिजवा दें। सम्पर्क करें:**

**श्री बाबा** whatsapp **7073909291**

**सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर-15**

**मो.-9928260244 E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com**


# बैरवा समाज का तृतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन शीघ्र ही

## प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था द्वारा किये गए कार्यों को पूरे प्रदेश के लोगों ने की सराहना

### *अब तक परिचय सम्मेलनों के माध्यम से हुए सैंकड़ों रिश्ते*

**जयपुर।** प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था जयपुर की ओर से वर्ष 2016 एवं वर्ष 2017 में जयपुर के पिंकसिटी प्रेस क्लब में 500 से अधिक बैरवा समाज के युवक-युवतियों ने परिचय सम्मेलन में भाग लिया।

जिनका परिचय स्मारिकाओं के माध्यम से प्रकाशन किया गया। इन परिचय स्मारिकाओं के माध्यम से अब तक बैरवा समाज के सैंकड़ों रिश्ते कायम हुए। संस्था के महामंत्री राजेश कुमार शास्त्री एडवोकेट ने बताया कि समाज के लोगों की आवश्यकता के अनुसार संस्था द्वारा बैरवा समाज का तृतीय बैरवा युवक-युवती परिचय सम्मेलन शीघ्र ही किया जायेगा। परिचय सम्मेलन में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक युवक-युवतियों एवं उनके अभिभावक अपना पंजीयन संस्था कार्यालय सी. 57, महेश नगर, जयपुर पर करवा सकते हैं। **अन्य जानकारी के लिए मो.-9928260244, 9414441044 पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।**

धवनिया जी!

आपकी संस्था द्वारा प्रकाशित "परिचय स्मारिका-2017" का सतरंग अंक देखा। आद्योप्रान्त पढ़ने के बाद लगा कि कुछ लोग तो हैं जो बैरवा समाज के विकास की इस निरन्तर प्रज्वलित मशाल को लेकर बढ़ने चले जा रहे हैं।

आपने सचमुच, समाज के बदलते कदमों की फलित झांकी एक माला में पिरोकर प्रसतुत की। जो निश्चित ही एक अनुठा, सराहनीय एवं कठिनत्तर कदम को प्रेरणादायी बनाकर प्रस्तुत किया, जो आपकी योजना, सामाजिकता एवं प्रबंध कुशलता का घोतक है। भविष्य में आप से और आश्वासन है।



मैं आपके अब तक के समस्त ऐसे सराहनीय एवं रचनात्मक फलदायी कदमों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए, साधुवाद देता हूं। धन्यवाद।

**रामचन्द्र मरमट,**
**से.नि. उपनिदेशक शिक्षा विभाग, आबूरोड**

## हेमन्त जिला अध्यक्ष, चन्द्रप्रकाश महामंत्री बने

**झालावाड़।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा झालावाड़ के चुनाव भवानी मंडी में सम्पन्न हुए जिसमें हेमन्त बैरवा को जिला अध्यक्ष पद पर 135 वोटों से विजय घोषित किया गया एवं महामंत्री के पद पर चन्द्र प्रकाश बैरवा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

दोनों विजय उम्मीदवारों को चुनाव प्रभारी प्रभुदयाल लालावत ने शपथ दिलाई एवं प्रमाण पत्र जारी किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्यामलाल बैरवा ने उम्मीदवारों की विजय की घोषणा की।

## बैरवा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 17 फरवरी को

**रेनवाल माजी।** बैरवा सामूहिक विवाह समारोह समिति ग्रामीण के द्वारा दिनांक 17 फरवरी, 2017 को रेनवाल जिला जयपुर में बैरवा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समिति के महामंत्री कैलाश नागरवाल ने बताया कि इच्छुक युवक-युवतियों के अभिभावक अपना पंजीयन समिति कार्यालय रेनवाल माजी में करवा सकते हैं। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए मो. 9785362677 पर प्राप्त कर सकते हैं।

### *अखिल भारतीय प्रगतिशील बैरवा महासभा जिला शाखा जयपुर द्वारा*

## प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न




**जयपुर।** 29 अक्टूबर 2017 को अखिल भारतीय प्रगतिशील बैरवा महासभा जिला शाखा जयपुर द्वारा बैरवा यज्ञ धर्मशाला रेनवाल मांजी तह. फागी जिला जयपुर में प्रतिभा एवं वरिष्ठ समाजसेवी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महासभा के जिलाअध्यक्ष श्री कृष्णकांत टाटीवाल ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री लक्ष्मीनारायण बैरवा विधायक चाकसू व श्री प्रकाश चन्द बैरवा पूर्व विधायक चाकसू एवं रा. अध्यक्ष ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि डा. प्रेमचन्द बैरवा विधायक दूदू, **( शेष पृष्ठ 2 पर )**

## बैरवा महासभा जयपुर में पूरणमल बैरवा अध्यक्ष व ओमप्रकाश महामंत्री बने





जयपुर। अखिल भारतीय बैरवा महासभा की जिला शाखा जयपुर के जिला अध्यक्ष पद के लिए 2 अक्टूबर, 17 को गुलाब विहार सांगानेर जयपुर में मतदान हुआ। कुल 1640 मतदाताओं में से मात्र 500 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुकाबला पूरणमल बैरवा एवं रामदयाल बैरवा के बीच पूरणमल ने रामदयाल बैरवा को 378 मतों से हराया। महामंत्री के पद पर श्री ओमप्रकाश कुवाल को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। दोनों पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव अधिकारी श्री बाबूलाल बैरवा द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सहायक चुनाव अधिकारी, बी.डी. बैरवा, रामदयाल बैरवा, कालूराम बैरवा, रामनिवास दास, रमेश गोठवाल, राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी पी.डी. आजाद रहे, चुनाव संयोजक विनोद कुमार बैरवा द्वारा चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई।

सम्पादकीय

## शांति

मनुष्य के जीवन में शांति का विशेष महत्व है। जहां शांति है वहीं सुख है। सुख का शांति से गहरा नाता है। यदि हमारे पास दुनियाभर का वैभव और सुख-साधन उपलब्ध है, लेकिन हमारे जीवन में शांति नहीं है तो सारा वैभव-भव्यता व्यर्थ हैं। यानी अगर जीवन से शांति ही नहीं है, तो हमारे पास सब कुछ होते हुए भी कुछ नहीं है। वर्तमान के स्वार्थी और छल-कपट की बढ़ती मानसिकता की वजह से हमारे जीवन में शांति का अभाव होता जा रहा है और अशांति और भय व्याप्त हो रहा है। छल-कपट से मनुष्य भौतिक संपदा पा ले, लेकिन जरूरी नहीं कि उसे शांति भी मिले। कबीरदासजी कहते हैं कि मनुष्य को दूसरे की रोटी देखकर ललचाना नहीं चाहिए, बल्कि अपने पास रखी-सूखी रोटी में ही संतोष करना चाहिए। कहने का तात्पर्य यही है कि मनुष्य महंगी-से-महंगी भौतिक वस्तु प्राप्त कर ले, लेकिन यह जरूरी नहीं कि उससे उसे शांति भी मिल ही जाएगी। इसके विपरीत किसी मनुष्य के पास भौतिक वस्तुएं न भी हों, लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में शांति और चैन हो सकता है। मनुष्य के जीवन में त्याग और संयम बना रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि त्याग के बिना जीवन में संयम नहीं आता और संयम के बिना शांति नहीं आती। जीवन की शांति किसी भौतिक वस्तु में नहीं, बल्कि इसका स्रोत हमारे भीतर है। मनुष्य के जीवन का मूल यही है कि उसके द्वारा किए गए प्रत्येक कर्म से उसके जीवन में सुख, चैन व शांति आए। हर मनुष्य के जीवन में सुख और दुख दोनों ही आते हैं, लेकिन जब कोई परेशानी आती है, तो मनुष्य घबरा जाता है। वह यह नहीं समझता कि जब सुख उसने भोगा है, तो उसे दुख के लिए भी तैयार रहना चाहिए। अगर मनुष्य इसी भाव और मनोदशा से कठिन परिस्थितियों का सामना करे, तो ही कठिन से भी ही कठिन समय को वह आसानी से काट लेगा। शांत होने का साधारण अर्थ यही है कि मनुष्य के मन की वह अवस्था, जहां सिर्फ सकारात्मक विचारों का प्रवाह हो और कठिन-से-कठिन परिस्थितियों में भी मनुष्य का अपने ऊपर नियंत्रण हो। अनुकूल परिस्थितियों में साधारणतः सभी शांत रहते हैं, लेकिन जो मनुष्य विपरीत परिस्थितियों में भी अपने मन की शांति कायम रखता है, वही सच्चा साधक है। मनुष्य में शांति पाने की प्रबल चाह है, तो उसे बाहर भटकने और भौतिक वस्तुओं की ओर आकर्षित होने की बजाए अपने अंतर मन में झांकना चाहिए।

# ''राष्ट्रीय उत्थान में डॉ. अम्बेडकर का योगदान''

## युवा कारवां वाहक

**आज बाबा साहब के कारवां को आगे ले जाने का काम तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग विभिन्न संस्थानों के माध्यम से कर रहा है। इनकी कार्यशैली मंचीय है। मंचीय प्रोग्राम आवश्यक रूप से एक मार्गीय होते हैं। वक्ता भाषण देता है उस भाषण की प्रमाणिकता कभी सिद्ध नहीं होती। ताली बजती है, धन्यवाद ज्ञापित होता है और प्रोग्राम समाप्त।**

कहा जाता है कि अच्छी तरह से परिभाषित समस्या में ही समाधान छुपा हुआ रहता है। बाबा साहब ने हमारी मानवीय समस्याओं का विश्लेषण किया, उनकी पहचान की तथा समाधान भी सुझाए। हमारे कल्याण के लिए उन्होंने संदेश दिया- ''मैंने तुम्हारे लिए जो कुछ भी किया है वह बेहद मुश्किलों, असहनीय दुःखों और बेशुमार विरोधियों का मुकाबला करके किया है। यह कारवां आज जिस जगह पर है इसे हमेशा आगे ही बढ़ाते रहें, चाहे कितनी ही रूकावटे क्यों न आएं। यदि मेरे सिपहसालार उसे आगे न बढ़ा सके तो उसे यही छोड़ दें परन्तु किसी भी हालत में इसे पीछे न जाने दें। आप लोगों



को मेरा यही अंतिम संदेश है।''

यह मात्र एक कथन ही नहीं था बल्कि एक महामानव का मूलवासियों बहुजनों के लिए सलाह, आदेश तथा कारवां को आगे ले जाना का मंत्र भी था। इस कथन से चार बातें स्पष्ट रूप से उभर कर आती है। पहली, यह कारवां क्या था? दूसरी यहां तक पहुंचने का मार्ग तथा तीसरी बात उसको आगे ले जाने की योग्यता एवं कार्यक्रम क्या थे। ''यदि मेरे ... तो इसे यही छोड़ दें ...'' से यह भी स्पष्ट होता है कि बाबा साहब को बहुजनों को समर्थ पर संदेह था।

बाबा साहब के कारवां से तात्पर्य उनके द्वारा चलाएं गए आंदोलन के मुख्य उद्देश्य से था। यहां यह बात साफ करनी होगी कि बाबा साहब ने अपना आंदोलन किसी अन्य वर्ग के साथ मिलकर नहीं चलाया बल्कि स्वतंत्र रूप से चलाया था। यह आंदोलन मूलनिवासी, बहुजनों के लिए तथा बहुजनों द्वारा चलाया गया स्वतंत्र आंदोलन था।

बाबा साहब से पहले बहुजन जानवरों से भी बदत्तर स्थिति में थे। वो अधिकार विहीन गुलाम थे। बाबा साहब ने ही अन्याय के विरोध की भावना का निर्माण किया तथा संघर्ष का रास्ता सिखाया। विधायिका एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण के माध्यम से अछूतों का राजनीति एवं प्रशासन में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित् किया, शिक्षा के लिए सदियों से बंद पड़े दरवाजों की तलाश तोड़कर अछूतों के लिए खोल दिए तथा अन्त में संघर्ष का मार्ग अपनाकर सामाजिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में क्रान्ति का आगाज किया। 24 सितम्बर 1944 को मद्रास में बाबा साहब ने अपने राजनैतिक लक्ष्य के बारे में कहा था ''हमारा अंतिम लक्ष्य इस देश के लिए शासक बनना है। जाईए इस लक्ष्य को अपने घरों की दीवारों पर लिख दो ताकि कभी भूल न सके। हमारी लड़ाई कुछ नौकरियों एवं सहूलियतों के लिए नहीं है परन्तु हमारा लक्ष्य बड़ा है वह लक्ष्य इस देश का शासक बनने का है।'' उनका मानना था कि राजनैतिक सत्ता वह मास्टर चॉबी है जिसके विकास के सभी ताले खोले जा सकते हैं। संघर्ष के बारे में कहा ''हमारा संघर्ष केवल सत्ता और सम्पत्ति के लिए नहीं है बल्कि सामाजिक स्वतंत्रता एवं आत्म सम्मान के लिए है।''

क्रमशः

## वैवाहिक

### वर चाहिए

* फरीदाबाद निवासी, 29 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-मरमट, जाटवा, मुरारिया।
* फरीदाबाद निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-मरमट, जाटवा, मुरारिया।
* जयपुर निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-एम.एस.सी., गौत्र-मीमरोठ, जाटवा, बंसीवाल, सामने लकवाल व मुरारिया ना हो। मो.-7976069646
* अजमेर निवासी 22 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक., पिता-निजी कार्य, गौत्र-मीमरोट, लोदवाल, जोनवाल, मो.-9425422158।
* जयपुर निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-एमबीए, पिता-बैंक सेवा, गौत्र-जारवाल, नागरवाल,मेहर, मो.-9784513332
* जयपुर निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-एमबीए, पिता-बैंक सेवा, गौत्र-जारवाल, नागरवाल,मेहर, मो.-9784513332
* जयपुर निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-टाटीवाल, बड़गोती, जारवाल, सामने मेहर न हो।
* जयपुर निवासी, 24 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., बी.एड., पिता-निजी कार्य, गौत्र-नागरवाल, चरावण्डिया, जीनवाल, गोमलाडू।
* जयपुर निवासी, 33 वर्ष, शिक्षा-बी.एच.एम.एस., वर्तमान में राजकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-जोनवाल, मीमरोट, जारवाल, सामने नगवाड़ी हो।
* दौसा निवासी, 18 वर्ष, शिक्षा-11वीं, पिता-निजी कार्य, गौत्र-शक्करवाल, चन्दवाड़ी, नंगवाड़ी, धावणिया, सामने बंशीवाल व देवतवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, पिता-एन.बी.सी. में कार्य, गौत्र-गोमलाडू, बुहाड़िया, बेथाड़िया, सामने कुवाल न हो, मो. 7737809997
* जयपुर निवासी, 20 वर्ष, शिक्षा-बी.ए. द्वितीय वर्ष, गौत्र-मरमट, राजलवाल, नागरवाल, बेथाड़िया, सामने जारवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 19 वर्ष, शिक्षा-बी.ए. द्वितीय वर्ष, गौत्र-मरमट, राजलवाल, नागरवाल, बेथाड़िया, सामने जारवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-बी.बी.ए., पीजीडीसीए, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-भुराहाड़िया, गौनावत, सिरोहिया, मो.-7597493946।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-एम.कॉम., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-गोठवाल, सिसोदिया, जाटवा, लोडतीया।
* जयपुर निवासी, 24 वर्ष, शिक्षा-एम.ए.सी., पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-गोठवाल, सिसोदिया, जाटवा, लोडतीया।
* उदयपुर निवासी, 30 वर्ष, (तलाकसुदा), शिक्षा-एम.सी.ए. पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-टटवाड़िया, सिसोदिया, मरमट।

### वधू चाहिए

* जयपुर निवासी, 29 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में आई.टी. विभाग में प्रशासनिक अधिकारी, पिता-निजी कार्य, गौत्र-चरावण्डिया, बुहाड़िया, लोदवाल, टाटीवाल, सामने-परालिया ना हो।
* जयपुर निवासी, 28 वर्ष, शिक्षा-बी.एस.सी. नर्सिंग, वर्तमान में-एआईएमएस में कार्यरत, गौत्र-मीमरोठ, जाटवा, बंशीवाल, सामने लकवाल एवं मुराड़िया ना हो।
* जयपुर निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी भारत सरकार, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-सुलानिया, राजलवाल, बीलवाल, सामने बैण्डवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में बैंक में कनिष्ठ लिपिक, पिता-राजकीय सेवा, गौत्र-मेहरा, बेन्दाड़ा, बंशीवाल, सामने लोदवाल व भीमवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 23 वर्ष, शिक्षा-बी.ए., पिता-निजी कार्य, गौत्र-मिमरोठ, जारवाल, बंशीवाल, सामने रेसवाल न हो।
* जयपुर निवासी, 25 वर्ष, शिक्षा-12वीं, वर्तमान में प्राईवेट ड्राईवर, गौत्र-लोदवाल, कुवाल, मुराडिया, सामने बिन्दावड़िया न हो।
* जयपुर निवासी, 26 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक, वर्तमान में केन्द्रीय राजकीय सेवा, पिता -पिता राजकीय सेवा, गौत्र-लोदवाल, कुण्डारा, बड़गोती, सामने मिमरोठ न हो।
* करौली निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-एम.बी.बी.एस., वर्तमान में राजकीय चिकित्सा अधिकारी, पिता -निजी कार्य गौत्र-जाटुवा, बमणावत, बंशीवाल, सामने भरतोनियां।
* करौली निवासी, 29 वर्ष, शिक्षा-बी.ए.एस.एस., राजकीय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-जाटवा, जोरवाल, आकोदिया।
* जयपुर निवासी, 26वर्ष, शिक्षा-11वीं, वर्तमान में स्वयं का व्यवसाय, गौत्र-बैण्डवाल, लोदवाल, नंगवाड़ी, मो. 9829599054।
* दिल्ली निवासी, 37 वर्ष, शिक्षा-बी.कॉम, एम.सी.ए., एम.ए.सी. (आई.टी.), वर्तमान में स्वयं का कोचिंग सेन्टर, गौत्र-बंशीवाल, धवन, घुणावत, सामने देवतवाल न हो।
* अलवर निवासी, 43 वर्ष, शिक्षा-एम.ए., बी.कॉम., वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी, पिता -कृषि कार्य, गौत्र-देवतवाल, सुलानिया, जाटवा, बड़ौदी, सामने कुण्डारा न हो।
* जयपुर निवासी, 27 वर्ष, शिक्षा-बी.टेक., वर्तमान में व्याख्याता सरकारी, पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-डोरिया, देवतवाल, मिमरोठ, सामने सिवत्या एवं बोहरा न हो।
* चित्तौड़ निवासी, 30 वर्ष, शिक्षा-एम.ए.सी., बी.एड., पिता -राजकीय सेवा, गौत्र-गोमलाडू, भुराड़िया, बंशीवाल, सामने बड़गौती न हो, मो. 9414915078।

विस्तृत जानकारी के लिए सम्पर्क करें
मो.: 9928260244

## प्रतिभा सम्मान समारोह... ( पृष्ठ 1 का शेष )

श्री एस.के. बैरवा कार्यकारी रा. अध्यक्ष प्रभुलाल बैरवा प्रदेशाध्यक्ष, जे.पी. नागर, से.नि. पी.आर.ओ. श्री महेश धावनिया, प्रदेशाध्यक्ष-प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था, रा.महामंत्री, श्री रतनलाल रा.सू., श्रीमती पिंकी, बुहाडिया प. सदस्या, श्री कैलाश चन्द नागरवाल पं.सं. एवं इस संस्था के उपाध्यक्ष श्री हरिराम नागरवाल श्री रामनारायण बैरवा उपाध्यक्ष, पूर्व सरपंच हरसूलिया श्री कालूराम टाटीवाल, श्री रामस्वरूप गोठवाल सरपंच मोहनपुरा (पू.) श्री रामेश्वर गोठवाल, श्री धर्मराज ने शिरकत की जिन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। डा. मोतीलाल बैरवा शिक्षा प्रचार एवं सहायतार्थ समिति जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष, वरिष्ठ समाजसेवी को शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अन्य में श्री मिश्रीलाल सुलानिया, श्री झूथाराम ठेकेदार, श्री बाबूलाल बैरवा, श्री प्रभातीलाल बैरवा, श्री मोरू जी बैरवा, श्री सीताराम बैरवा, चकवाड़ा, श्रीलाल बैरवा, श्रीप्रकाश चन्द बैरवा रा. अध्यक्ष, श्री बाबूलाल बैरवा एवं श्री कृष्णकान्त टाटीवाल को वरिष्ठ समाजसेवीजनों ने शाल व वरिष्ठ समाजसेवी सम्मान पत्र स्मृति चिन्ह व माल्यार्पणकर मुख्य अतिथियों से सम्मानित करवाया गया।

अन्य एवं मुख्य/विशिष्ट/अतिथिजनों का शाल, मोमेन्टो भेंट कर माल्यार्पण कर स्वागत सम्मानित किया गया। फागी त. मूल के 8 युवक-युवती राज्यसेवा में चयन होने का मेडिकल में सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में इस संस्था के त. अध्यक्ष दूदू श्री रामेश्वरलाल बैरवा (कड़वा) ने शाल व स्मृति चिन्ह उपलब्ध करवाकर बहुत बड़ा योगदान सहयोग रहा। श्री डी.आर. माल्या जो इस संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष है तथा समर्पण संस्था के संस्थापक अध्यक्ष भी इनका भी बहुत बड़ा सहयोग रहा है। नरसी कुमार म. मंत्री श्री बजरंगलाल बैरवा, श्री लालाराम, श्री ताराचन्द व श्री ललित नागरवाल भी उपस्थित रहे। इस समारोह में 65 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर माल्यार्पण से सम्मानित किया गया। 10वीं व 12वीं के प्रतिभाशाली दो-दो छात्र/छात्राओं को श्री कृष्ण कान्त टाटीवाल द्वारा मेरिट के अनुसार प्रत्येक को 551 रुपये व्यक्तिशः नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री टाटीवाल ने अपने स्वागत भाषण में शिक्षा पर जोर दिया।

त. फागी में त. क्षेत्र हेतु आयोजन मदद, हर गांव ढाणी की प्रतिभा की खोज करना एवं शिक्षा में प्रतिस्पर्धा हो, ऐसा मेरा उद्देश्य रहा है। श्री कजोड़मल बैरवा बीची (अध्यापक) ने बखूबी मंच संचालन किया। श्री छाजूराम जी सांवतावालों का बहुत सहयोग रहा।


दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



लालाराम बैरवा
जिला स्तरीय सी.एल.जी. सदस्य
पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण,
निवासी-फागी, जिला जयपुर,
मो.-9828357243


## सदस्यता शुल्क

वार्षिक सदस्यता
100 रुपए

**विशिष्ट द्विवार्षिक सदस्यता**
500 रुपए
साथ में पाएं दो वैवाहिक एवं एक क्लासीफाइड डिस्प्ले विज्ञापन बिल्कुल मुफ्त

**आजीवन सदस्यता**
2100 रुपए

**संरक्षक सदस्यता**
5100 रुपए

# कांग्रेस का आरोप-बीवीजी कंपनी कर रही है करोड़ों का घोटाला, लोकायुक्त में मुकदमा दर्ज कराया

## शहर की जनता की गाढ़ी कमाई का टैक्स निगम में चढ़ रहा है भ्रष्टाचार की भेंट-खाचरियावास

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं जयपुर शहर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह खाचरियावास और कांग्रेस पार्षद दल ने नगर निगम में सफाई को लेकर सरकार और बीवीजी कम्पनी की मिलीभगत करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए लोकायुक्त में बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमा दर्ज करवाने कांग्रेस पार्षद दल के उपनेता-धर्मसिंह सिंघानिया, जिला महासचिव-मनोज मुदगल, पार्षद-मंजू शर्मा, मोहन लाल मीणा, लक्ष्मण दास मोरानी, मोहम्मद शफी, बजरंग कुमावत, मुकेश शर्मा, कजोड़मल सैनी, उमरदराज, रानी लुबना, रमेश बैरवा, इकरामुद्दीन, सुमन गुर्जर पहुंचे। पूर्व एमएलए प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा की बीवीजी कम्पनी को जिन शर्तों पर सफाई का ठेका दिया गया था उन ठेके की शर्तों का उल्लंघन करते हुये बीवीजी कम्पनी ने अन्य 7 कम्पनियों को ठेका सबलेट कर दिया। खाचरियावास ने कहा कि जयपुर शहर में कचरा संग्रहण 14 सौ मैट्रिक टन का आंकते हुए 17 सौ मैट्रिक टन के हिसाब से बीवीजी कम्पनी को ठेका दिया गया है यह पूरा संदेह के घेरे में है। शहर में सफाई के साथ सीवरेज की व्यवस्था चौपट हो गई।



खाचरियावास का आरोप है कि मेयर अपनी असफलताओं को छुपाने के लिए राष्ट्रगान का सहारा लेकर कर्मचारियों में राष्ट्र प्रेम की भावना जाग्रत कर रहे हैं। कांग्रेस पार्षद दल के उपनेता धर्मसिंह सिंघानियां ने कहा कि लोकायुक्त में कांग्रेस पार्षद दल ने सभी दस्तावेज प्रस्तुत किये है। कांग्रेस निगम के इस भ्रष्टाचार के विरुद्ध सड़कों पर आंदोलन करेगी। जयपुर नगर निगम के पूर्व मुख्य सचेतक गिरिराज खंडेलवाल ने कहा है कि प्रत्येक भारतीय नागरिक के मन में राष्ट्रगान के प्रति सम्मान है लेकिन जयपुर के मेयर राष्ट्रगान को राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं। मामले को लेकर मेयर अशोक लाहोटी ने कांग्रेस के नेताओं पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार का जन्म कांग्रेस से हुआ है।

कांग्रेसी नेता सिर्फ बयान वीर है। उन्होंने प्रताप सिंह खाचरियावास पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकायुक्त से शिकायत के बाद अगर मामले में कुछ नहीं निकला तो क्या खाचरियावास इस्तीफा देंगे।

# जिला बैरवा कर्मचारी, अधिकारी विकास संस्था की जिला प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



टोंक। जिला बैरवा कर्मचारी, अधिकारी विकास संस्था की जिला प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक रविवार को बैरवा धर्मशाला में संस्था के संरक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संयुक्त निदेशक मुख्यमंत्री सलाहकार परिषद जयपुर बीएल बैरवा की अध्यक्षता में हुई। इसमें संस्था के तीन मुख्य पदों पर सर्वसम्मति से मनोनीत अध्यक्ष राजेश्वरी देवी, महामंत्री बनवारीलाल बैरवा, कोषाध्यक्ष जगदीश लाल बैरवा को बीएल बैरवा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी दिनेश बैरवा, विजयसिंह जोनी, बुद्धिप्रकाश बैरवा, बाबूलाल सौंदीफल, वीरेन्द्र जोनवाल, रामसहाय बैरवा, बाबूलाल चंदलाई, सर्वेश कुमार मेहरा, सुदर्शन बैरवा, शिवराज बैरवा, अल्पना जोनवाल, मायालता, सुरेशचंद बैरवा, हरदयाल बैरवा, प्रीतिबाला बोहरा आदि मौजूद थे।

# राज. पंचायती राज मैन्युअल व सामाजिक आर्थिक विकास की योजनाओं पर प्रकाशित पुस्तक दलित वंचित वर्ग व आम आदमी के लिए होगी मील का पत्थर साबितः मीमरौठ

**जयपुर।** दलित अधिकार केन्द्र, जयपुर द्वारा दिनांक 5-6 अक्टूबर 2017 को किसान भवन लाल कोठी जयपुर में पंचायतीराज दलित जन प्रतिनिधियों के दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन में राज. पंचायती राज मैन्युअल व सामाजिक आर्थिक विकास की योजनाओं पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन दलित अधिकार केन्द्र के मुख्य कार्यकारी श्री पी एल मीमरोठ व दलित आर्थिक अधिकार आन्दोलन के एडवोकेसी एवं रिसर्च ऑफीसर संजय कुमार भारती द्वारा किया गया।



इस प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन में दलित व महिला जन प्रतिनिधियों को पंचातीराज की एतिहासिक पृष्ठभूमि व 73 वे संविधान संशोधन पर पी.एल.मीमरौठ, मुख्य कार्यकारी, दलित अधिकार केन्द्र जयपुर ने 73 वे संविधान संशोधन की विषेषताओं पर प्रकाष डालते हुए कहा कि उक्त संविधान संषोधन के माध्यम से दलितों और महिलाओं को पंचायती राज में भागीदारी सुनिष्चित हुई। सतीश कुमार एडवोकेट, निदेशक दलित अधिकार केन्द्र, जयपुर, ने ग्राम पंचायत स्तर पर गठित स्थाई समिति में सामाजिक न्याय समिति, प्रषासनिक व स्थापना समिति, वित और कराधान समिति, विकास व उत्पादन कार्यक्रम समिति एवं षिक्षा समिति का गठन, प्रक्रिया व भूमिका पर प्रकाष डाला। प्रशिक्षण शिविर के उपदेश्यों पर संजय कुमार भारती, रिसर्च एण्ड एडवोकेसी ऑफ्सिर, दलित आर्थिक अधिकार आन्दोलन, नई दिल्ली ने बताया कि इस प्रषिक्षिण का उद्देष्य जनप्रतिनिधियों की पंचायत में सक्रिय भागीदारी, उनके सामने आने वाली चुनौतियां इत्यादि पर चर्चा करना व पंचायतों में उनके अधिकारों तथा ग्रामीण विकास में उनकी भूमिका के प्रति जागरुकता लाना है। पंचायतीराज व त्रिस्तरीय व्यवस्था पर चन्दा लाल बैरवा, राज्य समन्वयक, दलित आर्थिक अधिकार आन्दोलन ने सभी जन प्रतिनिधियों व कार्यकताओं को जानकारी दी व पंचायती राज की संरचनात्मक ढांचागत जानकारी दी। राज. पंचायतीराज प्रतिनिधियों को जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियां पर बाल रश्मि सोसायटी की सचिव एलिस गर्ग तथा महिला जनप्रतिनिधियो की भूमिका व चुनौतियों पर सुश्री पूजा सिंह, राज्य समन्वयक, दलित अधिकार केन्द्र जयपुर में दो महत्वपूर्ण सत्रों में जन प्रतिनिधियों को अत्यावष्यक जानकारी देते हुए कहा कि चूंकि 73वां संविधान संषोधन दलित व महिलाओं को पंचायती राज व्यवस्था में भागीदारी करने व ग्राम विकास में अपना योगदान करने का अवसर देता है परन्तु दलित व महिला विरोधी मानसिकता व सामंतवादी व्यवस्था के कारण दलितों व महिलाओं को पंचायत में काफी चुनौतियों का सामना करना पडता है जिसका संगठित व अपने अधिकारों की जानकारी व षिक्षा के बल पर सामना किया जा सकता है। इसके अलावा गांव के विकास की योजना व वंचित वर्ग की योजनाओं पर मंजूबाला जोशी, निदेशक सिकोई डिकोन, जयपुर पंचायतीराज, ने प्रकाष डालते हुए विभिन्न गांव की विकास की योजनाओं के बारे में जानकरी दी तथा किस प्रकार से दलितों व महिलाओं, वंचितों व बीपीएल लोगों को उन योजनाओं का लाभ पहुचाया जा सकता है, इस बात पर जानकारी दी।

प्रशिक्षण शिवर में श्री निसार अहमद, निदेशक बार्क, जयपुर ने पंचायतीराज से जुडे हुये बजट, योजना, स्वीकृतियां, स्थानीय आय के स्रोत, राज्य व केन्द्र सरकार से आने वाले बजट के बारे में विस्तार से बताया गया ।

श्री गोपाल राम वर्मा ने पंचायतीराज में वार्ड सभा व ग्राम सभा के महत्व, गठन पर प्रकाश डालते हुये कहां कि वार्ड सभा व ग्राम सभा के प्रस्ताव को कोई तोड मरोड नही कर सकता। ग्रांम सभा व वार्ड सभा के प्रस्ताव विकास के लिए महत्वूपर्ण दस्तावेज होते है इसलिए जागरूक नागरिक को सभी ग्राम सभा व वार्ड सभा में प्रस्ताव लिखवाना, चाहिये व इस बात का प्रयास करना चाहिये की प्रस्ताव की पालना हो।

सुश्री ग्रिजेश दिनकर, एडवोकेट, राज्य समन्वयक दलित महिला मंच, राजस्थान ने पंचायतीराज में महिलाओं की सक्रियभागीदारी पर प्रकाश डालते हुये कहां कि पृत सत्ता होने के कारण अभी तक महिला जन प्रतिनिधियों को समाज ने आत्मा से स्वीकार नही किया है जिसके कारण से दलित महिला जन प्रतिनिधियों की निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी नही हो पा रही है। महिला जन प्रतिनिधि का चुनाव महिला आरक्षण की वजह से होता है लेकिन उसके पद का उपयोग महिला का पति, ससुर, जेठ, देवर आदि ही करते है इसलिए महिलाओं को जागरूक होकर अपने अधिकारों को प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रषिक्षण षिविर में दलित व महिला जन प्रतिनिधियों को विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया।

# श्री बाबा समाचार पत्र के विशिष्ट सदस्य बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं



**ओमप्रकाश गोठवाल**
से.नि. बैंक प्रबंधक
एसबीआई, जयपुर



**जगदीश नारायण बैरवा**
से.नि. महाप्रबंधक आरबीआई
महेश नगर, जयपुर



**महेश गोठवाल**
मुख्य ड्राफ्टमैन
पी.एच.डी.,जयपुर



**किशोरीलाल वर्मा**
से.नि. मुख्य प्रबंधक ओरियेंटल
इंश्योरेंस, प्रेम नगर, जयपुर



**बंशीधर बैरवा**
इंस्पेक्टर-बी.एस.एफ.
मालवीय नगर, जयपुर



**कैलाशचंद बैरवा**
रूपनगर सैकंड,
महेश नगर जयपुर



**कन्हैयालाल बैरवा**
से.नि., क्षेत्रीय वन अधिकारी
महेश नगर, जयपुर



**अशोक कुमार गोठवाल**
रामनगर,
सोडाला, जयपुर



**पाँचूलाल गोठवाल**
ओ.एस., विद्युत विभाग
जयपुर



**गंगासहाय भीमवाल**
से.नि. कार्यालय अधीक्षक, बीमा
विभाग, बरकत नगर, जयपुर



**रणजीत बैरवा**
बारां



**प्रभुदयाल बैरवा**
मोती नगर,
गुर्जर की थड़ी, जयपुर



**मुन्नालाल बैरवा**
श्रीकल्याण नगर,
करतारपुरा, जयपुर



**बाबूलाल बैरवा**
बाढ़देवरी, मानसरोवर,
जयपुर



**रामअवतार बैरवा**
लालकोठी योजना,
ज्योति नगर जयपुर



**मदनलाल बैरवा**
अधीक्षक, पासपोर्ट
कार्यालय, जयपुर




वार्ड-54, झालाना ग्राम, मालवीय नगर के नरसी बैरवा को नई दिल्ली स्थित संवैधानिक भवन रफी मार्ग में प्रयास एनजीओ द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह में स्वच्छग्राही अवार्ड से नवाजा गया।

## तृतीय सर्वजातिय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 33 जोड़े बने हमसफर

**जयपुर।** प्रगति सामाजिक सेवा संस्थान राजस्थान प्रदेश की ओर से तृतीय सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन, जयपुर में 31 अक्टूबर को प्रताप नगर, सैक्टर-18 में आयोजित किया गया। संस्थान अध्यक्ष हेतराम बैरवा ने बताया कि सभी समाज के 33 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है। इसमें शामिल होने वाले जोड़ों को 50 वर्ग गज का भूखण्ड उपहार में दिया गया। साथ ही एक लाख की एफ.डी., मोटरसाईकिल, सोने-चाँदी के जेवर, कलर टी.वी., फर्नीचर, बर्तन, बिस्तर इत्यादि उपहार के रूप में दिया गया।


दी बार एसोसिएशन, जयपुर

पुस्तकालय सचिव पद हेतु

बीना कुमारी



एडवोकेट को अपना मत एवं समर्थन देकर विजयी बनायें।

मो.-9460867789



विजेन्द्र

M.: 08955010313
Ph.: 0141-2299189



भगवान सहाय

रुकमणी ट्रेडर्स

हार्डवेयर एण्ड सेनेट्रीवेयर्स

6, सुख विहार, न्यू आतिश के पास, गुर्जर की थड़ी, जयपुर-302019 ( राज. )


# सर्दियों में चेहरे का खास ख्याल रखेंगे ये फेसपैक

हम सब लोगों को सर्दियों के मौसम में चेहरे की खास देखभाल रखनी पड़ती है। आज हम आपको बताने जा रहे है कि आप कच्चे दूध की मदद से कौन-कौन से फेसपैक तैयार कर सकते हैं। ये खास फेसपैक जो सर्दी के मौसम में आपके चेहरे की खास देखभाल करेंगे। गुलाब की ताजा पंखुड़ियों को दूध में पूरी रात भिगोएं, अगले दिन सुबह पंखुड़ियों और दूध को एक साथ पीसें। इसमें एक चम्मच चंदन का पाउडर मिलाकर फेसपैक बनाएं और इस फेस पैक की मदद से आप चेहरे पर चमक पा सकते है।



आलू को छीलकर उसे पेस्ट बनाएं, एक आलू का अगर पेस्ट बनाया है तो आधे से कम कप दूध मिलाएं इसे थोड़ी देर फ्रीज में रखें।

अब चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद ठंडे पानी से मुंह धो लें। आधे कप कच्चे दूध में दो चम्मच शहद मिलाएं, फिर इसे कुछ देर यूं हीं रहने दें और फिर इसे ब्रश की मदद से चेहरे पर लगाएं। इसे सूखने दें फिर इसे हाथों से रगड़कर हटाएं।

बादाम और दूध से भरे एक कटोरे में 5-6 बादाम रात में भिगोएं, फिर अगले दिन भीगे हुए बादामों को पीसकर पेस्ट बनाएं और उसमे 2 चम्मच छांछ मिलाएं फिर इसे चेहरे पर 15 मिनट लगाएं और फिर रगड़ते हुए इसे चेहरे से छुड़ाएं। बादाम और दूध की मदद से आप चेहरे पर एक खूबसूरत निखार पा सकते है।




जितेन्द्र कुमार वर्मा

एडवोकेट

राजस्थान उच्च न्यायालय

M.: 09929110017

सैशन कोर्टः
दी बार एसोसियेशन के सामने
बनीपार्क, जयपुर

निवासः
म.नं. 2885, भिण्डो का रास्ता,
इन्द्रा बाजार, जयपुर

E-mail: jkverma81@rediffmail.com


## अनमोल वचन

1. अपनी स्वयं की क्षमता से काम करो, दूसरों पर निर्भर मत रहो।
2. इंसान के अंदर ही शांति का वास होता है, उसे बाहर ना तलाशें।
3. आपका मन ही सब कुछ है, आप जैसा सोचेंगे वैसा बन जायेंगे।
4. असल जीवन की सबसे बड़ी विफलता है हमारा असत्यवादी होना।
5. तीन चीजें ज्यादा देर तक नहीं छुपी रह सकतीं-सूर्य, चन्द्रमा और सत्य।
6. हमें हमारे अलावा कोई और नहीं बचा सकता, हमें अपने रास्ते पे खुद चलना है।
7. स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है, संतोष सबसे बड़ा धन और विश्वास सबसे अच्छा संबंध।
8. आपको क्रोधित होने के लिए दंड नहीं दिया जायेगा, बल्कि आपका क्रोध खुद आपको दंड देगा।
9. क्रोध करना एक गर्म कोयले को दूसरे पे फेंकने के समान है जो पहले आपका ही हाथ जलाएगा।
10. जो गुजर गया उसके बारे में मत सोचो और भविष्य के सपने मत देखो केवल वर्तमान पे ध्यान केंद्रित करो।
11. हम जो बोलते हैं अपने शब्दों को देखभाल के चुनना चाहिए कि सुनने वाले पे उसका क्या प्रभाव पड़ेगा, अच्छा या बुरा।
12. अपने शरीर को स्वस्थ रखना भी एक कर्तव्य है, अन्यथा आप अपनी मन और सोच को अच्छा और साफ़ नहीं रख पाएंगे।
13. जिस तरह एक मोमबत्ती बिना आग के खुद नहीं जल सकती उसी तरह एक इंसान बिना आध्यात्मिक जीवन के जीवित नहीं रह सकता।
14. निष्क्रिय होना मृत्यु का एक छोटा रास्ता है, मेहनती होना अच्छे जीवन का रास्ता है, मूर्ख लोग निष्क्रिय होते हैं और बुद्धिमान लोग मेहनती।




मनोज कुमार बैरवा

एडवोकेट

राजस्थान उच्च न्यायालय

M.: 9829082494

निवासः प्लाट नं. 726,
बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर



पंचम पुण्यतिथि



20.11.2012

स्व. श्री रामनिवास जी मुरारिया (ठेकेदार जी)

हर खुशी में कुछ कमी रह जाती है
आँखें थोड़ी शबनमी रह जाती है
जिन्दगी को हम कितना भी संवारे
बिन आपके कोई कमी रह जाती है

॥शत्-शत् नमन॥

**श्रद्धावनत-** ( आपकी पुत्री मीनाक्षी आर्य )
ममता मुरारिया ( धर्मपत्नी ), लालचन्द मुरारिया-सन्तोष, अमित मुरारिया-चन्द्रकांता ( पुत्र-पुत्रवधु ), राहुल मुरारिया, जानु मुरारिया, नाजुक मुरारिया ( पौत्र, पौत्री ), मीनाक्षी आर्य-भरत कुमार आर्य, अनिता निहोरे-दीपक निहोरे ( पुत्री-दामाद ), दीपक आर्य, लक्ष्य आर्य ( नवासे ) एवं समस्त मुरारिया परिवार ( जयपुर )


## बैरवा महासभा सवाईमाधोपुर में श्री अशोक बैंडवाल अध्यक्ष एवं राजूलाल बैरवा महामंत्री बने

**सवाई माधोपुर।** दिनांक 29/10/2017 को अखिल भारतीय बैरवा महासभा, जिला शाखा सवाई माधोपुर के अध्यक्ष एवं महामंत्री के लिये मतदान कराया गया। जिसमें कुल 1451 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान के पश्चात मतगणना में अध्यक्ष पद के लिये श्री अशोक बैंडवाल को 4 मतों से ओर महामंत्री के पद पर श्री राजू लाल बैरवा को 170 मतों से विजयी घोषित किया गया ।

विजयी उम्मीदवारो को मुख्य निर्वाचनअधिकारी श्री जे.पी.वर्मा जी व चुनाव प्रभारीश्री श्यामलाल बैरवा जी द्वारा शपथ दिलाई गई।

रजि. नं. 1178/2015-16

**प्रान्तीय बैरवा प्रगति संस्था** जयपुर (राज.)

प्रधान कार्यालय - सी-57, महेश नगर, जयपुर-302015 ( राज. ) फोन : 9928260244, 9982880351, 7073909291
E-mail : bairwapragatisanstha@gmail.com

बैरवा परिचय निर्देशिका जयपुर महानगर में प्रकाशन हेतु

क्रमांक **पारिवारिक परिचय आवेदन पत्र** दिनांक..........

नाम ( परिवार के मुखिया ) .......... पिता का नाम ..........
वर्तमान पता ..........
.......... वार्ड नं. .......... विधानसभा क्षेत्र ..........
फोन/मो. ..........(Whatsapp No.).......... ई-मेल..........
गाँव का पता ..........
..........
शिक्षा .......... आयु.......... व्यवसाय ..........
पद .......... विभाग ..........
गौत्र - स्वयं .......... माँ .......... पत्नि .......... दादी ..........
अन्य ..........

**पारिवारिक विवरण ( विवाहित पुत्रियों के अलावा )**

| क्र.सं. | नाम | जन्म/आयु | मुखिया से सम्बन्ध | शैक्षणिक योग्यता | व्यवसाय पद व विभाग | वैवाहिक स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |
| 4. | | | | | | |
| 5. | | | | | | |
| 6. | | | | | | |
| 7. | | | | | | |
| 8. | | | | | | |
| 9. | | | | | | |
| 10. | | | | | | |
| 11. | | | | | | |

हस्ताक्षर मुखिया

स्वामीत्व, मुद्रक, प्रकाशक, रजनी के लिए एम.बी. प्रिन्टर्स एफ-76 ए, करतारपुरा इण्ड. एरिया मोरानी वर्क्सशॉप के पास जयपुर से मुद्रित एवं सी-57, महेश नगर, 80 फीट रोड, जयपुर-15 ( राज. ) से प्रकाशित। सम्पादक-भवनेश धावनिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा। मो.-9928260244, 9829271582 E-mail : shreebaba_2008@yahoo.com